# मंडी में फिर नीलामी को लेकर हंगामा

**अमावस्या पर रहता है अवकाश, किसान बोले हो रहे परेशान**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 नवम्बर, गुरूवार को मिर्जापुर स्थित गल्ला मंडी में एक बार फिर किसान और व्यापारियों की बीच टकराव के हालात बने गए. जहां अमावस्या पर व्यापारी नीलमी में हिस्सा नहीं लेते तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच गए जहां पर नीलामी न होते देख किसानों ने हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया.**

हगांमे की खबर मिलते ही प्रशासन और मंडी समिति के पदाधिकारियों न आपात बैठक बुलाई जिसके बाद मंडी में नीलामी की उपज शुरू हो सकी. गुरूवार को मंडी में सिर्फ धान की नीलामी हुई और करीब 500 से ज्यादा किसानों की धान को खरीदा गया. किसानों का आरोपी है कि जहां छह लाइनों की नीलामी रोज़ की जाती थी लेकिन आज अमावस्या की छुट्टी होने के कारण बुधवार को व्यापारियों द्वारा सिर्फ चार लाइनों की नीलामी की गयी और समय से पहले ही नीलामी बंद कर दी गई, किसानों ने मंडी समिति से बात की और मांग की कि बची हुई 80-90 ट्रालियों की खरीदी की जाए. किसानों का कहना था कि अभी बौनी का समय है खाद बीज खरीदना है, शादियों का समय है किसान कितने दिनों तक मंडी में पड़ा रहेगा लेकिन मंडी समिति से भी कोई मदद नहीं मिली तो गुस्साए किसानों ने किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में चक्का जाम कर दिया लगभग 3 घंटे चले चक्का जाम में जब प्रशासन के अधिकारियों विदिशा एसडीएम एवं मंडी सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया कि कल व्यापारियों से चर्चा कर खरीदी करवाएंगे.

### 1 घंटे तक कोई नहीं आया तो कर दिया चक्काजाम

आज सुबह 10 बजे तक का समय दिया गया था लेकिन जब आज सुबह 11 बजे तक भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसानों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में आज फिर से चक्का जाम किया तब जाकर कलेक्टर के आदेश अनुसार अमावस्या के दिन भी खरीदी शुरू हो पाई. किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी का कहना है कि जब अमावस्या की छुट्टी थी और किसानों की उपज की नीलामी नहीं की जा रही थी तब कुछ व्यापारी मंडी समिति की नाक के नीचे मंडी प्रांगण में ही बिना पर्ची के किसानों की उपज खरीदने पहुंचे थे किसानों ने उनके वीडियो बनाकर जब मंडी समिति को बताया गया. वहीं यह बात भी सामने आई कि कुछ व्यापारी बिना पर्ची के खरीदी करेंगे तो इससे शासन को भी राजस्व का नुकसान होता है एवं किसानों के साथ धोखा होने की भी आशंका रहती है हमारी मांग है कि ऐसे व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त कर उचित कार्रवाई की जाए.

## हनुमान मंदिर की दान पेटी तोड़कर चोरों ने दिया चोरी को अंजाम

**खास बातें**

- 8 टीम करेगी जांच, खंगाल रहे सीसीटीवी फुटेज
- सूने आवास के ताले तोड़कर चुरा ले गए 25 लाख की नगदी और जेवरात



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 नवम्बर, दो दिन के भीतर शहर में दो बड़ी चोरी की वारदातें सामने आई हैं. जहां रंगई मंदिर में चोरो ने दान पेटी के ताले तोड़कर करीब 10 से ज्यादा नगदी चुरा ले गए वहीं दूसरी बड़ी चोरी वारदात बुधवार की शाम एसएटीआई के सामने से आई जहां से सूने आवास को निशाना बनाकर अज्ञात चोर करीब 20 से 25 लाख की नगदी और जेवरात चुरा ले गए. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी.**

सिविल लाइन थाना अंतर्गत रंगई हनुमान मंदिर में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोलते हुए दान पेटी में रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी उठे और साफ सफाई के लिए जैसे ही मंदिर परिसर में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दान पेटी टूटी पड़ी है और उसके पास पैसे पड़े हुए थे. उन्होंने तुरंत ही इस मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी और चोरी की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंचा और जांच पड़ताल शुरू कर दी.वहीं फिंगरप्रिंट टीम के साथ एफएसएल की मदद भी ली जा रही है.पुलिस आसपास लगे अन्य कैमरों की भी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोर की पहचान की जा सके.पुजारी के अनुसार मंदिर की पेटी चार माह में एक बार खोली जाती है और इसी बीच चोर मंदिर में घुसकर पेटी तोड़ ले गया. तोड़फोड़ के बाद चोर आराम से 10 से 12 लाख रुपये समेटकर फरार हो गया.वहीं चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है. जिसमें वह इत्मिनान से चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है.फिलहाल पुलिस इस चोरी को एक सुनियोजित वारदात मान रही है और आसपास के इलाकों में चोरों की तलाश तेज कर दी गई है.

मंदिर पुजारी द्वारा बताया गया कि चोरी की घटना को अंजाम रात्रि करीब 3 बजे के आसपास दिया गया है। इस दौरान मंदिर के पीछे लगे हुए लोहे के गेट को काटकर चोर मंदिर में आए थे और मंदिर में रखी दान पेटी को तोड़कर उसमें से नोटों को उठाया गया और भाग गए. उन्होंने कहा कि मंदिर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन चोरों ने चोरी के अंजाम को इस तरह दिया कि इसकी भनक तक किसी को नहीं लग पाई है. जबकि मंदिर में बने हुए भवन में पुजारी रहते हैं. चोरों ने ठंड का मौसम होने के कारण रात्रि में करीब 3 बजे के आसपास चोरी की घटना की ताकि इस समय सारे लोग गहरी नींद में सोए हुए रहते हैं.चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल की गई है. इस दौरान उन्होंने पुलिस टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि चोरी की घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की जाए. पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना के सभी एंगलों की जांच बारीकी से की गई. पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है.वहीं सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि 8 टीमें चोरी की घटना की जांच पड़ताल के लिए बनाई गई हैं जो जांच पड़ताल में लगी हुई हैं. जल्द ही चोरी की घटना में शामिल अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### सूने घर में दिन दहाड़े चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

बुधवार की शाम एसएटीआई कॉलेज के सामने मेन रोड स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़ चोर लगभग 25 लाख का सामान नगदी चुराकर ले गए. बताया जा रहा है कि मकान मालिक राजेन्द्र श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ शाम करीब 4 बजे घर से धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने शिक्षक कॉलोनी के लिए निकले और रात 8 बजे वापस आने पर घर के दरवाजे खुले पाए जाने पर घबरा कर अंदर गए. जहां जमीन पर टूटा हुआ ताला और कुछ हथियार पड़े हुए थे.वहीं अलमारी का ताला टूटा हुआ था. जिसका सारा सामान कपड़े कमरे में फैले हुए थे.चोर घर में रखे हुए सोने चांदी के जेवर और नगद के साथ बेटियों के 2 लेपटॉप भी साथ ले गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि करीब 25 लाख रुपए के आसपास चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है. उन्होंने इस मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है. वहीं थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है, टीम बनाकर इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.

### एक नजर में

## सोमवार से सुबह 8 .30 बजे से शुरू हो सकते हैं स्कूल

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**सर्दियों को देखते हुए स्कूल समय परिवर्तन को लेकर विधायक मुकेश टंडन ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से चर्चा की थी. इसके बाद विधायक समर्थकों ने सोशल मीडिया पर शुक्रवार से ही स्कूल का समय सुबह 8.30 बजे करने की जानकारी साझा कर दी.लेकिन गुरुवार को देर रात तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश नहीं मिलने से अब सोमवार से स्कूल समय में परिवर्तन की उम्मीद है.इस संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्पष्ट किया कि स्कूल शिक्षा विभाग से अभी तक आधिकारिक पत्र प्राप्त नहीं हुआ है.उन्होंने कहा कि संभवत: कल तक आदेश जारी हो जाएगा.यदि पत्र आता है तो सोमवार से नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के स्कूलों का समय सुबह 8.30 बजे किया जा सकता है.

## मुनिसंघ का हुआ मंगल विहार बागरौद की ओर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महा मुनिराज के शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज का ग्यारसपुर नगर में आगमन हुआ. मुनिसंघ ने यहां पर जिनालय के दर्शन किये. तत्पशचात मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई.प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रात: अटारीखैजड़ा से मंगलविहार ग्यारसपुर की ओर हुआ मंगलविहार में भोपाल विदिशा एवं राहतगढ़ के भक्त पैदल विहार करा रहे थे.प्रात:कालीन बेला में अभिषेक एवं शांतीधारा मुनि श्री के मुखार विंद से संपन्न हुई,तत्पश्चात प्रथम सत्र का शंकासमाधान एवं आहार चर्या संपन्न हुई.तदुपरांत सामायिक कर मुनिसंघ का मंगलविहार बागरौद की ओर हुआ. इस अवसर पर मुनि श्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि समाधि का जैन धर्म में महत्वपूर्ण स्थान है.

# कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**नगर पालिका परिषद को भंग करने की मांग, प्रशासक किया जाए नियुक्त**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, गुरुवार को कांग्रेस के सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया. इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार के ऑडियो वायरल हो रहे हैं और 38 पार्षदों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन कलेक्टर को दिया था. इसलिए कांग्रेस मांग करती है कि नगर पालिका को भंग किया जाए और प्रशासक को नियुक्त किया जाए.**

गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि नगर पालिका में चुनाव होने के बाद पार्षदों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में प्रीति राकेश शर्मा को चुना गया। जिनका 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका. कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका के उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति द्वारा खुलेआम ठेकेदार से पैसे की मांग एवं कमीशन की बात करने का ऑडियो वायरल हो रहा है. उन्होंने कहा कि नगरपालिका में आए दिन भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी नगर पालिका को भंग नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि नगर पालिका के एक दर्जन से अधिक पार्षद नगर विकास और भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर पिछले एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं. इस दौरान प्रियंका किरार, रणधीर सिंह ठाकुर, आशा सिंह राजपूत, अरुण अवस्थी, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत दांगी, वैभव भारद्वाज, राजू पासी, बृजभूषण सिंह राजपूत, गोविंद भार्गव, आनंद प्रताप सिंह, अर्पित उपाध्याय, आशीष माहेश्वरी, सुभाष बोहत, सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे.

## युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ग्यारसपुर एवं आसपास के क्षेत्र के 19 से 40 वर्ष के युवाओं के लिए रोजगार का बेहतरीन अवसर आया है. 21 नवंबर 2025, शुक्रवार को जनपद पंचायत ग्यारसपुर कार्यालय में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी. यह भर्ती भारत सरकार के पसार एक्ट 2005 के अंतर्गत मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स, एनडीआरएफ तथा भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है.वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत (बेसरा) ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विदिशा जिले में 21 से 27 नवंबर तक सात दिवसीय भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे. 21 नवंबर ग्यारसपुर 22 नवंबर लटेरी 23 नवंबर कुरवाई 24 नवंबर सिरोंज 25 नवंबर बासौदा 26 नवंबर नटेरन 27 नवंबर विदिशा पात्रता सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, आयु 19-40 वर्ष एवं लंबाई 167.5 सेमी आवश्यक है.

# 1 करोड़ से संवरेंगी 9 वार्डों की सड़कें

**विधायक निधि से बनेंगी सड़कें, राशि हुई जारी**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत शहर की बड़ी बड़ी प्रमुख सड़कें जो क्षतिग्रस्त हो गईं हैं.उनके पुन: डामरीकरण बीटी रिन्यूवल निर्माण कार्य हेतु मुकेश टंडन विधायक द्वारा विधायक निधि से आवश्यक राशि स्वीकृति हेतु कलेक्टर को लगभग एक करोड़ की अनुशंसा की गई. जो इस प्रकार है वार्ड नं 1 पशु वाजार चौराहे से शनि मंदिर बेतवा नदी घाट तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 7 लाख 20 हजार , 2 वार्ड नं 22-23 बालविहार के पीछे कशमीरी होटल से मूंगाश्री तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 15लाख 19 हजार 500, वार्ड नं 14 एवं 16 बजरिया चौक से इमामबाड़ा तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 10 लाख 64 हजार, वार्ड नं 16 पेढ़ी चौराहे से कार्तिक चौक होते हुए धर्माधिकारी चौक तक बीटी डामरीकरण) 6 लाख 65 हजार, वार्ड नं 10 विवेकानंद चौराहे से भोपाल रोड नाले तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 24 लाख 63 हजार, वार्ड नं 27 में पी.डब्लूडी ऑफिस से सिंह वाहिनी मंदिर तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 5 लाख 24 हजार, वार्ड नं 22 में माधवगंज चौक, भंडारी मैडिकल से डॉ मजेजी तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 6 हजार 34 हजार, वार्ड नं 22 में अग्रवाल धर्मशाला के सामने से महेश्वरी मोवाइल शॉप तक बीटी रिन्यूवलकोट(डामरीकरण) 6 लाख 72 हजार, वार्ड नं 7 में वैशाली नगर में शंकरजी के मंदिर से रघुवंशी जी के मकान तक तक बीटी रिन्यूवल कोट (डामरीकरण) 15 लाख 91 हजार है.कुल राशि 98 लाख 52 हजार 805 है. इस विधायक निधि की राशि से शहर के मुख्य बड़ी सड़कों के अतिरिक्त जो आंतरिक छोटी सड़क क्षतिग्रस्त थी उनका पुनर्निर्माण का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा किया जाएगा. यह जानकारी भाजपा दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान द्वारा दी गई.

# हर शिशु की सुरक्षा उनका अधिकार-डॉ .एमके जैन




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एसएनसीयू जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल के शिशु गहन चिकित्सा इकाई में आयोजित कार्यक्रम में देश के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंटीग्रेटड अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स के केंद्रीय कार्यकारिणी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन ने बताया कि हर नवजात बच्चे की समुचित देखभाल उसका जन्मसिद्ध अधिकार है और उसे मिलना ही चाहिए. 2009 से प्रतिवर्ष नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह प्रतिवर्ष 15-21 नवंबर को आयोजित किया जाता है.ताकि नवजात शिशुओं के माता,पिता और परिजनों को उनकी देखभाल के लिये जागरूक किया जा सके और असामयिक शिशु मृत्युओं को रोका जा सके.इस वर्ष की नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह की थीम नवजात सुरक्षा हर स्पर्श, हर बार, हर शिशु के लिए जरूरी है.

## रील के लिए जान जोखिम में डाल कार के गेट पर लटक कर स्टंट करते युवक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**शहर में अब एक नया ट्रेंड शुरू हो गया है, रात के समय स्टंट बाजों ने रोड पर जानलेवा खेल चालू कर दिया है, जिसके चलते रोड से गुजरने वाले राहगीरों के साथ आम लोगों को भी बहुत परेशानियां हो रही हैं.ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, इसमें कुछ युवक कार के गेट पर लटक कर स्टंट कर रहे हैं.स्वामी विवेकानंद चौराहे के आसपास इस तरह के स्टंट बाज आपको रात के समय देखने को मिल जाएंगे.ताजा वीडियो यातायात पुलिस के थाने के ठीक सामने का है, जहां पर युवा स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं.स्टंटबाजों की यह करतूत जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए देर रात ही तीन स्टंटबाजों को अभिरक्षा में लिया और उनसे कान पड़कर माफी भी मंगवाई.

## तालाब में 15 हजार मत्स्य बीजों का संचयन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जल संरक्षण और मत्स्य विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज कागपुर तालाब में कुल 15,000 मत्स्य बीजों का संचयन किया गया है. मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री नागले ने बताया कि प्रमुख रूप से ग्रास कार्प और तिलापिया प्रजातियों के मत्स्य बीज शामिल रहे.यह संचयन न केवल मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि तालाब की पारिस्थितिकी को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाएगा.

# सूफी गायिका ज्योति नूरन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में 18 नवंबर को एक भव्य वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मशहूर सुफ़ी गायिका ज्योति नूरन ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया. उनकी मनमोहक आवाज़ और ऊर्जावान लाइव परफ़ॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कॉलेज के छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया.बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस परफ़ॉर्मेंस और स्वागत गीत ने अतिथियों का मन जीत लिया और पूरे आयोजन में चार चांद लगा दिए.संस्था की ओर से यह कार्यक्रम न सिर्फ़ मनोरंजन के लिए बल्कि छात्रों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक सौरभ जी,विधायक मुकेश टंडन,कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला प्रचारक विशाल जी, प्रशांत चौबे जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष ग्यारसपुर श्रीमती रागिनी ब्रजेश लोधी, राकेश कटारे, नगर पालिका उपाध्याय संजय दिव्यकीर्ति, मनोज कटारे,छत्रपाल शर्मा की उपस्थिति रही.

**लापरवाही** | **सुरक्षा प्रबंधों के अभाव और पुलिस-प्रशासन की लापरवाही से बन रहे हालात**

# तेज रफ्तार वाहनों से छात्रों का सड़क पार करना बना खतरनाक




**नवभारत न्यूज**

**सांची, नगर से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं.स्थिति यह है कि सीएम राजस स्कूल सहित आसपास के क्षेत्रों में बच्चों के लिए सड़क पार करना किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है. विद्यालय के सामने न तो उचित सुरक्षा प्रबंध हैं और न ही वाहन चालकों पर नियंत्रण के कारगर उपाय.**

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग के नगर से गुजरने के बाद से इस मार्ग पर यातायात काफी बढ़ गया है.खासकर व्यस्तम क्षेत्रों और स्कूलों के आसपास वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना रहता है. स्कूल परिसर के पास केवल एक ओर गति अवरोधक बनाकर खानापूर्ति तो कर दी गई है, लेकिन इससे वाहन की रफ्तार पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है.यह भी देखने में आता है कि कई नाबालिग बच्चे बिना लाइसेंस के दुपहिया वाहन चलाते हुए तेज रफ्तार में गुज़रते हैं, किन्तु पुलिस इस पर पूरी तरह अनजान बनी हुई है. स्कूल की छुट्टी होने पर जब भारी संख्या में छात्र बाहर निकलते हैं, तब सुरक्षा के अभाव में बच्चों को सड़क पार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है. अक्सर स्थानीय लोग ही हाथों के संकेत देकर बच्चों को सड़क पार करवाते हैं.

जिला कलेक्टर द्वारा व्यस्त इलाकों और स्कूलों के आसपास गति-नियंत्रण संकेतक व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन न तो राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने गंभीरता दिखाई और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं.पुलिस व्यवस्था भी नदारद रहती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है.नाबालिगों द्वारा दुपहिया वाहनों की तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही.अभिभावक लगातार बढ़ते खतरे से चिंतित हैं और समय रहते प्रशासन से जरूरी सुरक्षा इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं.

## आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में आयोजित हुई कार्यशाला




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जीवन में बड़े सपने देखिए, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए सही मार्गदर्शक, सही परिवेश और सीखने की निरंतर इच्छा भी जरूरी है. यही संयोजन जिंदगी को सफल और सार्थक बनाता है. यह बात यातायात निरीक्षक आशीष रॉय ने शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में कहीं.इस दौरान उन्होंने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए यह भी संदेश दिया कि किसी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य और सबसे बड़ी इंसानियत है.आपात स्थिति में घायल या बीमार व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना किसी भी इंसान का सबसे बड़ा मानव धर्म है. कई बार थोड़ी-सी देरी किसी की जान ले सकती है,जबकि थोड़ी-सी हिम्मत और त्वरित मदद एक जीवन बचा सकती है. सड़क दुर्घटना, अचानक बीमारी या किसी भी आकस्मिक स्थिति में गोल्डन ऑवर यानी शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं. इस समय पर दी गई मदद किसी की सांसें लौटाने, खून बहने से रोकने या उसे जल्द इलाज दिलाने में निर्णायक हो सकती है.शासकीय आदर्श महाविद्यालय में पुलिस सेवा की तैयारी पर आधारित छह दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पढ़ने वाली किताबों और समय प्रबन्धन के बारे में बताया गया.विज्ञान पर विशेष व्याख्यान डॉक्टर अनीता शाक्य और डॉक्टर सुषमा सिसोदिया ने दिया.संचालन डॉक्टर आरती सोनी ने किया.